इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में अवीक टिक्कू को गोल्ड मेडल

चर्चा में क्यों?

18 फरवरी, 2022 को उत्तराखंड के हलद्धानी में स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 3 के छात्र अवीक टिक्कू ने एसओएफ इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में 40 अंक प्राप्त कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली रैंक प्राप्त की है।

प्रमुख बिंदु

- अवीक टिक्कू को पुरस्कार के रूप में 1000 रुपए, स्वर्ण पदक और प्रमाण-पत्र दिया गया। कक्षा 3 की ही मायरा साहनी ने 38 अंक के साथ क्षेत्रीय स्तर पर नौवीं तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 11वीं रैंक प्राप्त की, जिन्हें 500 रुपए, मेडल और प्रमाण- पत्र प्रदान किया गया।
- वहीं इसी कक्षा की युविका मेहरा ने 38 अंक के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 7वीं रैंक प्राप्त कर पुरस्कार के रूप में 500 रुपए, मेडल और प्रमाण-पत्र अर्जित किया।
- कक्षा 4 के आदित्य डागर ने 36 अंक के साथ क्षेत्र स्तर पर दूसरी व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 32वीं रैंक, कक्षा 9 की परिधि श्रीवास्तव ने 55 अंक प्राप्त कर क्षेत्र स्तर पर पाँचवी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 40वीं रैंक प्राप्त की।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-english-olympiad